गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
Guru Jambheshwar University, Moradabad
(A State University of Government of Uttar Pradesh)

Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com

पत्रांक : गु0ज0वि0वि0मु0/प0नि0/2026/1335 दिनांक : 03.11.2026

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय में चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) अध्यादेश को समान रूप से लागू किये जाने के संबंध में श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र सं0 ई–7443/03–जी0एस0/2019 (TC) दिनांक 26.11.2020 में दिये गये दिशा–निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों की सत्र 2025–26 की **वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष** की उत्तर पुस्तिका/पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से असंतुष्ट छात्र/छात्राओं को चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) में दी गयी व्यवस्थानुसार निम्नानुसार प्रथम चरण प्रारम्भ किया जाता है:–

आवेदन ऑनलाईन उपलब्ध होने की तिथि	:	05.11.2026
आवदेन ऑनलाईन एवं शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	:	16.11.2026

:–चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के प्रथम चरण का शुल्क:–

इच्छुक छात्र/छात्रायें समर्थ पोर्टल पर लिंक **https://gjum.samarth.edu.in/index.php/site/login** के माध्यम से चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के प्रथम चरण के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के प्रथम चरण के लिए परीक्षार्थी को आवेदन शुल्क रु0 300/– (रु0 तीन सौ मात्र) प्रति प्रश्नपत्र ऑनलाईन जमा करना होगा।

उत्तर पुस्तिकायें उपलब्ध करवाने के सम्बन्ध में:–

1. आवेदन के उपरान्त परीक्षार्थी को मूल्यांकित मूल उत्तर पुस्तिका की संचारित प्रति (Scanned copy) अवलोकन हेतु उत्तर पुस्तिका लिंक के माध्यम से उपलब्ध करवायी जायेगी।
2. परीक्षार्थी द्वारा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने के उपरान्त और मूल्यांकन में असंतुष्ट होने पर चुनौती मूल्यांकन के दूसरे चरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. वित्त अधिकारी, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
2. कुलसचिव, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
3. उप–कुलसचिव, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
4. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति महोदय, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
5. डॉ0 धर्मेन्द्र यादव, प्रभारी बेवसाइट, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद को बेवसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
6. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
7. डा0 सुनील कुमार पवार, नोडल आफिसर, समर्थ ई0आर0पी0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
8. डा0 प्रवीण कुमार, प्रभारी मूल्यांकन केन्द्र–राजकीय महाविद्यालय, मथाना, कांठ, मुरादाबाद।

परीक्षा नियंत्रक